संख्या–cm-128
08/02/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहार स्टार्टअप बी–हब का किया उद्‌घाटन

पटना, 08 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मौर्यालोक के पांचवें तल स्थित ए ब्लॉक में बिहार स्टार्टअप बी–हब का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन के पश्चात् बी–हब के काउंटर पर जाकर स्टार्टअप उद्यमियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कंपनी द्वारा निर्मित उत्पाद/सेवायें तथा लोगों को उससे मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी जाना।

उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक ने बिहार स्टार्टअप पॉलिसी, 2022 के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पॉलिसी के तहत 10 वर्षों के लिए 10 लाख रुपये तक की ब्याज रहित सीड फर्निंग की व्यवस्था की गई है। महिलाओं द्वारा प्रारंभ स्टार्टअप को 5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांगों के स्टार्टअप को 15 प्रतिशत अधिक राशि सीड फंड के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। एक्सीलेरेशन प्रोग्राम में भागीदारी के लिए 3 लाख रुपये के अनुदान का प्रावधान भी है। एंजेल निवेशकों से निवेश प्राप्त होने पर कुल निवेश का 2 प्रतिशत सफलता शुल्क और सेबी पंजीकृत कैटगरी 1 तथा एंजेल समूह से प्राप्त फंड के बराबर अधिकतम 50 लाख रुपये तक के मैचिंग लोन की व्यवस्था बिहार स्टार्टअप फंड से की जाती है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम श्री किसान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्टार्टअप उद्यमी श्रीमती आस्था, शू रिवाइवल कंपनी की श्रीमती शाजिया कैसर तथा व्यमानिका ऐरो स्पेस के श्री मनीष दीक्षित ने अपनी कंपनी के कार्यों के संबंध में अपने अनुभव साझा किये और बिहार सरकार की स्टार्टअप नीति तथा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना तथा स्टार्टअप उद्यम पर आधारित अलग–अलग पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री को स्टार्टअप उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए स्टार्टअप किट भेंट की गई। आज के कार्यक्रम में 28 नये स्टार्टअप को सीड फंड तथा एक स्टार्टअप को मैचिंग लोन कुल 1.78 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गोरूरल फूड्स एंड बेवरीजेज प्राइवेट लिमिटेड को 38 लाख 80 हजार 835 रुपये का, यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट एल0एल0पी0 को 5 लाख रुपये का, डिमाया इंफोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड को 6 लाख रुपये का, क्यूरियस बी डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड को 4 लाख, 20 हजार रुपये का तथा मीडिकवाइजर प्राइवेट लिमिटेड को 10 लाख रुपये का सांकेतिक चेक सौंपा।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, उद्योग विभाग के निदेशक श्री पंकज दीक्षित,

पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित उद्योग विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं स्टार्टअप उद्यमी मौजूद थे।

******